हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 नवंबर 2025

04 ईश्वर को साक्षी मानकर जीवनसंगिनी बनी राधा...



07 उद्यमियों को अपनी इकाइयां संचालित...





### कृषि उत्पादन क्लस्टर की बैठक आयोजित

## 'कृषकों की मांग अनुसार खाद की उपलब्धता रखें और उसका वितरण सुनिश्चित करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन क्लस्टर (एपीसी) की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता, दूग्ध संघ, उद्यानिकी पशुपालन, मत्स्य विभागकी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और आगामी समय में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली बैठक की पूर्व तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने रबी बुवाई की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए जिले के किसानों को मानक स्तर का उर्वरक प्राप्त हो, अमानक खाद, बीज विक्रय न हो, निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का सतत निरीक्षण कर सैंपल ले और अमानक पाए जाने पर कार्यवाहीं करें। कृषकों को रबी सीजन के लिए आवश्यकता अनुसार खाद मिलता रहे। कृषकों की मांग अनुसार खाद की उपलब्धता रखें और उसका वितरण सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक प्राप्त हो, अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कृषकों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित करें। रासायनिक खादों का संतुलित उपयोग करने हेतु जागरूक करें। नरवाई प्रबंधन को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को प्रबंधन संबंधी कृषि यंत्रों के लिए जागरूक कर अपनाने हेतु प्रेरित करें। एक ग्राम एक उद्योग की कार्यशाला जिला पंचायत सभागृह 27 नवंबर को आयोजित की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में कृषि आधारित उद्योगों का विस्तार हो सके, इस हेतु कार्यशाला में किसानो की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने और खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापना के संबंध में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की समीक्षा कर कलेक्टर ने निर्देश दिये कि योजना में बैंकों से प्रकरण स्वीकृति हेतु कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर फॉलोअप करें। विभाग की योजनाओं को अधिकाधिक कृषकों को लाभ दिया जाए। उन्होंने सहकारिता अधिकारी को निर्देश दिए कि सुसनेर में पेट्रोल पंप खोलना हेतु सभी विभागों से एन ओ सी तत्काल प्राप्त की जाए। उन्होंने पशुपालन, दुग्ध संघ, मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर लक्ष्यपूर्ति के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विजय चौरसिया, उप संचालक पशु पालन विभाग डॉ. आरसी पंवार, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक रविन्द्र शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर में जाम से परेशान होते आमजन सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों की फजीहत



**नलखेड़ा।** नगर की यातायात व्यवस्था बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। प्रतिदिन लगने वाले जाम से आमजन परेशान हैं। सबसे अधिक फजीहत स्कूली बच्चों की हो रही है जो एक एक घंटे जाम में फंस रहे हैं। प्रशासन नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही कर नगर की इस समस्या से निजात दिलाना चाहिए। नगर में अमूमन प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो चुकी है। यह जाम दोपहर 2 से 3 बजे तक तो लगता ही है क्योंकि इस दौरान नगर के अधिकांश निजी स्कूलों की छुट्टी होती है और उनके स्कूली वाहन बच्चों को लेकर निकलते हैं।

शुक्रवार को भी दोपहर लगभग 2 बजे से जाम की स्थिति भैसोदा रोड से प्रारंभ हुई जो सरदार पटेल चौराहा लखुंदर नदी से शिवाजी चौराहा मां बगलामुखी रोड एवं शिवाजी चौराहे से राज होटल तक मार्ग जाम हो गया। लगभग एक घंटे तक रही जाम की स्थिति से सभी ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। इस दौरान जाम में फसे नागरिक तो परेशान होते ही रहे सबसे ज्यादा फजीहत स्कूली बच्चों की हुई। जहाँ वे परेशान होते रहे वही उनके अभिभावक भी बच्चों के घर नही पहुंचने पर परेशान होते रहे। कई अभिभावक तो जाम में फंसे स्कूली वाहनों में से अपने बच्चें उतार कर बाइक पर बैठाकर ले गए।

इसी प्रकार शीत ऋतु के चलते शासन द्वारा स्कूल का संचालन प्रातः 9 बजे या उसके बाद से करने के आदेश के बाद लगभग सभी स्कूल वालो ने अपना समय 9 बजे से कर दिया गया। ऐसे में बच्चों को लेने आने वाले सभी स्कूली वाहन एक साथ एक समय मे चौक बाजार पहुंच रहे है। ऐसे में चौक बाजार से गणेश चौराहे के मध्य जहाँ मार्ग संकरा होने से जाम लग रहा है। शुक्रवार को भी लगभग आधा घंटा तक उक्त मार्ग में जाम की स्थिति बनी रही। नगर लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहा है। इसके निदान के लिए आज तक कोई कड़े कदम नही उठाये गए। इस समस्या से निजात दिलवाने के लिए प्रशासन को नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर सख्ती के साथ अपने परायों को नजरअंदाज करते हुवे अतिक्रमण हटाने सड़क पर खड़े रहने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने सड़क पर सब्जी व अन्य सामग्री का व्यवसाय करने वालों को उचित स्थान पर शिफ्ट करने दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाकर रखने पर कार्यवाही करने एवं स्कूलों के लगने व छुट्टी के समय मे अंतराल रखवाने जैसी कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

**बाहरी मार्गों का हो उपयोग:** प्रशासन को लखुंदर नदी की पुलिया से मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर आने वाले बाहरी मार्ग भैसोदा रोड़ से कचनारिया रोड़ होते हुवे नए बने गणेश चौराहे तक वाले बाहरी मार्ग जिससे नयापुरा पुरानी कृषि उपज मंडी होते हुए मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर पहुंचा जा सकता है का उपयोग वाहन चालकों से करवाना चाहिए। इसके लिए मार्ग प्रदर्शित करने वाले साइन बोर्ड लगा कर यातायात का दबाव मुख्य मार्गो से कम किया जा सकता है।



## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तृतीय चरण अंतर्गत 21 नवंबर को जिले की सातों नगरीय निकाय की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। आयोग निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को फोटोयुक्त मतदाता सूची की प्रतिलिपियां प्रदान की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, इलेक्शन सुपरवाइजर राजेंद्र पांडेय, आशीष चौहान, राजनीतिक दलों के अशोक प्रजापत, अंकुश भटनागर, ईश्वर अजमेरिया, संजय मालवीय, अर्जुन सिंह उपस्थित रहे।

## शहर की सबसे पॉश कॉलोनी क्रिसेंट रेसीडेंसी में चोरों ने फिर बोला धावा, 1.80 लाख ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर की सुरक्षित और पॉश समझी जाने वाली क्रिसेंट रेसिडेंसी कॉलोनी एक बार फिर चोरों के निशाने पर आ गई है। कुछ समय के लिए जो सन्नाटा टूटा था, अब फिर वही भय और असुरक्षा लौट आई है। बीती रात हुई चोरी की वारदात ने न केवल निवासियों में दहशत फैलाई है बल्कि कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### सोते परिवार के बीच से उड़ाई नकदी

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी के मकान नंबर 155 में रहने वाले मुकेश वाधवानी हाल ही में यहां शिफ्ट हुए हैं। रोज़मर्रा की तरह उनका परिवार रात में घर में सो रहा था। तभी पीछे की दीवार फांदकर चोर घर में घुस गए। जिस कमरे में उनकी पत्नी सो रही थीं, उसी कमरे की अलमारी को खोलकर चोरों ने लगभग 1.80 लाख रुपए की नकदी और अन्य सामान चुरा लिया। सोते परिवार के बीच यह वारदात होना सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा सवाल बनकर खड़ा है। रात की खामोशी में खटपट की आवाज सुनकर वाधवानी की पत्नी की नींद टूट गई। लेकिन जब तक वह कुछ समझ पातीं, तब तक चोर सामान लेकर फरार हो चुके थे। रात की उस दहशत भरी घड़ी को याद करते ही परिवार आज भी सहम जाता है। वारदात की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा और अन्य औपचारिक कार्यवाही की गई।

### दो माह पूर्व भी हो चुकी है इसी कॉलोनी में लाखों की चोरी

इस कॉलोनी में यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग दो माह पहले इसी मकान से छह मकान पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर आशीष श्रीवास्तव के सूने घर से लाखों रुपए की नकदी और जेवरात उड़ाए गए थे। पुलिस ने कई दिनों की मेहनत के बाद आरोपियों को पकड़कर कुछ जेवर बरामद जरूर किए थे, लेकिन चोरी गई बड़ी नकदी आज तक नहीं मिल पाई है। यह घटना लोगों के दिल-दिमाग से उतरे बिना ही दूसरी चोरी ने सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कॉलोनीवासी सुरक्षा को लेकर चिंतित

इन लगातार घटनाओं ने पॉश कॉलोनी के निवासियों के मन में असुरक्षा की गहरी भावना पैदा कर दी है। यहां रहने वाले लोग लगातार पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कवरेज मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। कई निवासियों का कहना है कि रात में खासतौर पर सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था नजर नहीं आती, जबकि भारी भरकम मेंटेनेंस चार्ज भी जमा किया जाता है।

**पुलिस की कोशिशें:** कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम आसपास के संदिग्धों, बदमाशों के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के दावे और कॉलोनीवासियों की चिंता के बीच उम्मीद यही की जा रही है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्त में आएंगे और चोरी हुई राशि की बरामदगी हो सकेगी।

## एसआईआर गणना पत्र भरने में मतदाताओं का सहयोग कर रहे बीएलओ



**नलखेड़ा।** एसआईआर के लिए नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्र दे दिए गए हैं जिन्हें भरकर अब मतदाता पुनः बीएलओ को दे रहे हैं। वहीं बीएलओ भी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक भरने में सहयोग कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य करवाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में मतदाताओ से गणना पत्रक भरवाए जा रहे हैं। यह कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जारी रहेगा। अब जैसे जैसे अंतिम तारीख निकट आती जा रही है वैसे वैसे इस कार्य में तेजी आती जा रही है। गणना पत्र भरने में मतदाताओं का सहयोग बीएलओ के साथ राजनैतिक दलों के बीएलए भी कर रहे हैं।

### एमएलबी स्कूल में आयोजित हुआ सांसद खेल महोत्सव

## बनाएंगे हेल्थ कॉम्पलेक्स, स्विमिंग पूल, इनडोर स्टेडियम: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




खिलाड़ी बच्चों के लिए हम जल्दी ही सीहोर में स्विमिंग पूल, स्पोर्ट हेल्थ क्लब और इनडोर स्टेडियम बनाएंगे। खेलों से शारीरिक मानसिक विकास तीव्र गति से होता है पढ़ना भी है खेलना भी है और आगे भी बढ़ना है उक्त बात शुक्रवार को एकीकृत शाला शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डॉक्टर मोहन यादव के मार्गदर्शन में देश-विदेश और सीहोर तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। अपना सीहोर भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने जा रहा है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा और चिकित्सा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए अनेक योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई जा रही है सुकन्या, लाडली लक्ष्मी, गांव की बेटी आप ही है खूब पढ़ना है खेलना है और आगे बढ़ना है।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, भाजपा सीहोर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं के द्वारा माता सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रूपश्री नागेश के द्वारा स्वागत बंधन अभिनंदन भाषण दिया गया।

अतिथियों का वरिष्ठ व्याख्याता वर्षा राठौर, शिक्षक सीमा जैन अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, जितेंद्र सेन के द्वारा फूल माला पहना कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र सम्मान पत्र शील्ड मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, सांसद खेल महोत्सव के नगर प्रभारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षिक सीमा जैन, अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, सुनीता राठौर, अरुशेंद्र शर्मा, ज्योति बड़ेरिया, रिचा गुप्ता, सीमा सिंह, ममता समाधिया, पूनम पाठक, रेणु सोलंकी, रीना जैन, राखी नामदेव, प्रेमलता धोड़ेसवर, पियूष बैरागी, विशाल कौशल, नीलम सक्सेना अर्चना उरवे सहित विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक माधव यादव के द्वारा किया गया।

### रिकॉर्ड तलाशने में नागरिकों की पूरी मदद करें पुनरीक्षण कर्मचारी: विधायक सुदेश राय

**सीहोर।** ग्राम जमुनिया पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने शुक्रवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से पुनरीक्षण कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। विधायक सुदेश राय ने एस आई आर अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे बी एलओ सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि कई नागरिकों को रिकॉर्ड ढूंढने में दिक्कत हो रही है। अधिकांश बहूओ के वर्षों पूर्व मृत माता-पिता के नाम मतदाता सूची मैं नहीं मिल पा रहे हैं जिसके कारण फॉर्म कंप्लीट होने में परेशानी हो रही है। पुनरीक्षण कार्य को लेकर कई लोगों में भ्रम की स्थिति भी बनी हुई है।

## ऑक्सफोर्ड की बुशरा खान गौरी व ईशा पटेल मैराथन में रहीं अव्वल

**सीहोर।** दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर की छात्राओं ने रोटरी क्लब, इनर व्हील एवं रेडक्रॉस सोसाइटी, सीहोर द्वारा आयोजित मैराथन फेस्टिवल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

5 किमी रेस में पूर्व छात्रा बुशरा खान ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 10 की ईशा पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के गवर्नर सुशील मल्होत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब, सीहोर के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय और रेडक्रॉस सोसाइटी, सीहोर के सचिव विपुल चंदक ने प्रतिभागियों को बधाई दी।



संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन,जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, शास. आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा तथा संकुल प्राचार्य नीना सिंह ने छात्राओं को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

### नेशनल कराते खिलाड़ी ने अंडर-14 में प्राप्त किए दो मेडल



**सीहोर।** शहर की उभरती कराते खिलाड़ी मात्र 13 साल की मेघा शर्मा ने देश की राजधानी दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर नेशनल कराटे प्रतियोगिता में दो मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी मेघा शर्मा का सम्मान किया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह सहित अन्य पार्षद मौजूद थे। इस मौके पर अपने परिजनों के साथ नगर पालिका में पहुंची मेघा शर्मा ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में नेशनल कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर उन्होंने अंडर-14 एज ग्रुप में सिल्वर और ब्राउंज मेडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि वह शुरू से ही कराते का अभ्यास कर रही है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राठौर और सीएमओ ने प्रतिभाशाली बालिका के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## खबर संक्षेप

### विंध्याचल स्कूल बना क्रिकेट चैंपियन



**देवास।** अंडर 17 सीबीएसई इंटर स्कूल देवास सहोदय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 20 नवंबर 2025 को सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता पिछले 7 दिनों से जारी थी, जिसमें कुल 10 स्कूलों ने भाग लिया। फाइनल मैच विंध्याचल अकादमी और सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सरदाना की टीम ने विंध्याचल को बल्लेबाजी का अवसर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंध्याचल ने 15 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन का मजबूत लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी सरदाना की टीम निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकी और 108 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह विंध्याचल स्कूल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में 10 सीबीएसई स्कूल सरदाना इंटरनेशनल, विंध्याचल अकादमी, सेंट्रल इंडिया अकादमी, एबेनेजर स्कूल, सेंट थॉम अकादमी, सेंट एनेटोनी सोनकच्छ, सरस्वती स्कूल, दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल, प्रेस्टीज स्कूल, पायनियर स्कूल देवास आदि शामिल हुए।

### विद्यालय में शिक्षण एवं खेल सामग्री की भेंट

**देवास।** जिले के प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों की मूलभूत सुविधाएं बढ़ाए जाने के उद्देश्य में सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, देवास के सीएसआर कार्यक्रम द्वारा महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, देवास में फर्नीचर, स्पोर्ट्स किट, आरओ .वाटर कूलर, स्पोर्ट्स प्लेग्राउंड, कंप्यूटर लैब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनफार्मा के अधिकारियों द्वारा फीता काटकर फर्नीचर, आरओ .वाटर कूलर, स्पोर्ट्स किट विद्यालय को समर्पित किया तथा बास्केट बॉल कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट का जायजा लिया।

## शादी के दो महीने बाद दूल्हे को छोड़कर परिजनों के घर पहुंच गई दुल्हन

# ईश्वर को साक्षी मानकर जीवनसंगिनी बनी राधा दो लाख लेकर दे गई धोखा, तीन लाख की मांग

### पीड़ित पवन ने कमलापुर थाने में दुल्हन और उसके परिजनों के खिलाफ की शिकायत दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में एक बार फिर एक युवक लुटेरी दुल्हन गैंग का शिकार हुआ है। उक्त गैंग ने युवक से शादी के नाम पर दो लाख का चुना लगाया है जिसको लेकर युवक ने संबंधित पुलिस सहायता केंद्र चापडा पर शिकायत दर्ज कराई कराकर उचित कार्रवाई कि मांग की है।क्षेत्र का पवन मजदूरी का काम करता है और अपना घर बसता देख काफी उत्साहित था, लेकिन लुटेरी दुल्हन गैंग ने उसके सपनों को चकनाचूर कर दिया। जानकारी अनुसार चापडा समीप ग्राम इकलेरा निवासी पवन प्रजापत से शादी के नाम पर ठगी की गई है। पवन ने पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई है जिसमें बताया गया है कि राधा बाई से मेरी शादी हुई वह कुछ दिन मेरे पास रही और अपने परिवार के लोगों के साथ अपने घर चली गई, जिसके बाद आज तक वापस नहीं आई है। राधा बाई व्दारा अपने साथियों के साथ मिलकर पवन प्रजापत से अवैध रूपयो की मांग करने व झूठे केस मे फंसा देने की धमकी दी गई है।



### यह है पूरा मामला...

दोनो पक्ष के परिवार रिश्तेदारो की सहमति एवं राजीमर्जी से 21 जून को ग्राम इकलेरा स्थित शिव मंदिर मे पवन और राधा बाई का विवाह सम्पन्न हुआ था। राधा बाई ने ईश्वर को साक्षी मानकर परिवार एवं रिश्तेदारो के समक्ष पवन को वर माला पहनाते हुए अग्नि के समक्ष सात फेरे लेते हुए हिन्दु रीति रिवाज अनुसार पवन से किया। उक्त विवाह के संबंध मे प्रतिप्रार्थी राधा बाई ने विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विवाह पंजीयन हेतु 21 जून को ही शपथ आयुक्त के समक्ष शपथपत्र संपादित भी किया था। विवाह पश्चात राधा बाई ने पवन के पक्ष मे विवाह सहमति लेख भी सम्पादित किया था जिसमे राधा ने उल्लेखित किया कि वह उक्त पते की निवासी है तथा उसका जन्म दिनांक 01फरवरी 1993 है तथा वह वयस्क होकर स्वयं निर्णय लेने मे समक्ष है व अपना भला बूरा अच्छे से जानती है तथा वह छटी कक्षा तक पढ़ी लिखी होकर लिखना पढ़ना व हस्ताक्षर करना जानती है। उसके माता पिता का कोरोना काल मे कोरोना की बीमारी से निधन हो गया था तब से ही वह अपने चाचा, चाची के साथ ही निवासरत है। तथा उसे एवं उसके रिश्तेदारो ने दहेज स्वरूप कुछ नहीं दिया है और ना ही उसके घर से कोई भी सामान, नगद रूपया या आभूषण लाई। उक्त विवाह के लिए उसे एवं उसके परिवार एवं रिश्तेदारो को डराया धमकाया नही गया है। विवाह के पूर्व राधा बाई व परिवार के लोगों द्वारा पवन से यह कहा गया था कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नही है तथा वह आर्थिक रूप से इतने सक्षम नही है कि वह विवाह का खर्च वहन कर सके इसलिए दुल्हन पक्ष के लोगों ने पवन प्रजापत से दो लाख रूपये लिये। पवन व राधा की विवाह जालना महाराष्ट्र मे घर से ही कर देंगे। लुटेरी गैंग ने विवाह के पूर्व ही विवाह एवं मदद के नाम पर पवन से दो लाख रूपये ऐंठ लिए थे। परन्तु जब विवाह का समय करीब आया तो लुटेरी दुल्हन व साथियों द्वारा विवाह करने से मना करते हुए यह टालमटोली की गई और कहा कि अभी उक्त रूपये खर्च हो गए है और विवाह के लिए पैसे नही बचे है तो घर से विवाह नही कर सकते है। पवन ने कहा की कोई बात नही मेरे गांव इकलेरा के मंदिर मे ही विवाह कर लेंगे। आपको अलग से विवाह का खर्चा वहन करने की आवश्यकता नही है और इस प्रकार पवन का विवाह राधा के साथ ग्राम इकलेरा मे ही हुआ। पवन ने बताया कि राधा का व्यवहार उससे व उसके घर वालो के प्रति ठीक न होकर वह आए दिन घरवालो के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगी तथा मुझसे हर कभी पैसो की मांग करती और पैसो की मांग करते हुए कहती कि तीन लाख रूपये ओर मायके वालो को भेजो वरना किसी अन्य जगह विवाह कर लूंगी। राधा के परिजन भी दबाव बनाने लगे कि तीन लाख रूपये दो वरना हम राधा को वापस अपने साथ जालना ले जाएंगे और कई अन्य जगह विवाह कर देंगे। जब मेरे द्वारा रूपये देने से मना कर दिया गया तो झूठी शिकायत एवं रिपोर्ट करने की धमकी देने लगे। राधा मेरे साथ साथ दो माह जैसे तैसे रही और आए दिन अवैध रूपयो की मांग करती रही और उसके बाद मुझे को यह कह कर छोड़ कर चली गई की वह विवाह के बाद से एक बार भी अपने मायके नहीं गई और कुछ दिन अपने मायके जाना चाहती है। इस पर मेरे द्वारा राजी खुशी जाने की अनुमति दे दी गई और फिर राधा अपने मायके अपनी मासी के घर जालना चली गई राधा को वापस मेरे घर भेजने के लिए कहा तो अन्य सदस्यों ने राधा को मेरे घर भेजने से इन्कार कर दिया और बताया कि राधा का विवाह किसी अन्य जगह कर रहे है। पवन ने बताया कि मेरे साथ विवाह के नाम पर दो लाख रूपये ले कर धोखाधड़ी की गई है। ये लोग भोले भाले लड़को से विवाह के नाम पर रूपये ऐंठते है और फिर बाद में एक लड़की का विवाह कई जगह करवाते है और पैसे लेने के बाद झूठे केस में फसाने की धमकी देते हैं।

### इनके खिलाफ की गई शिकायत

पवन ने राधा पति पवन प्रजापत पुत्री रवीलाल शर्मा कुम्भी पाटील, आयु 32, राजीव गांधी नगर लालबाग, जालना महाराष्ट्र, रतिलाल पातोड़े पिता कालूराम पातोड़े जाति-कुम्भी पाटील, निवासी वार्ड नं. 02 ग्राम मोहम्मदपूरा, तह.बुरहानपूर जिला बुरहानपूर म.प्र, धर्मेन्द्र सिंह पिता नामालूम निवासी- आष्टा जिला सिहोर, गोपाल पिता नामालूम, बुरहानपुर, जिला बुरहानपुर के खिलाफ विस्तृत जानकारी के साथ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद संबंधित पुलिस उक्त मामले की जांच में जुट गई है।

**मामले की जांच जारी...**

उक्त मामले को लेकर शिकायत प्राप्त हुई है, वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में मामले कि जांच की जा रही है।

**सर्जन सिंह मीणा,** थाना प्रभारी कमलापुर

### डॉ. चतुर्वेदी प्रदेश की गंगा समिति में विशेषज्ञ सदस्य नामांकित

**देवास।** अमृत संचय अभियान के प्रणेता,और जाने-माने जल विशेषज्ञ डॉ. सुनील चतुर्वेदी को मप्र शासन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गंगा की सहायक नदियों को सदानीरा और स्वच्छ बनाने के लिए बनाई गई विशेषज्ञ समिति में उन्हें जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए नामांकित किया गया है। प्रदेश में प्रवाहित गंगा की सहायक नदियों में जल का सतत पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने एवं उनमें प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में "राज्य गंगा समिति मध्यप्रदेश में 5 विशेषज्ञ सदस्य नामांकित किये गये है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में सुनील चतुर्वेदी को जल संरक्षण के लिए नामांकित किया गया है। डॉ. चतुर्वेदी पिछले 30 वर्षों से वर्षा जल संरक्षण, प्राकृतिक जल–संरचना निर्माण और भू–जल संवर्धन जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। पहल और मार्गदर्शन से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में जल-संरक्षण के नवीन मॉडल विकसित किए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में जेल में बंद भाजपा नेता पर हुई कार्रवाई

### प्रीतम सिंह को पार्टी से किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में जेल में बंद भाजपा नेता प्रीतम सिंह को पार्टी ने शनिवार को निष्कासित कर दिया।जिले की जू-जित्सु (जापानी मार्शल आर्ट) की 35 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को मानसिक तौर पर परेशान कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इस खेल से जुड़े प्रदेश के जुजुत्सु संगठन के उपाध्यक्ष प्रीतम और कोच विजेंद्र खरसोदिया को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शनिवार को पार्टी ने भी प्रीतम पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की।ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय जू-जित्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम (35) ने 26 अक्टूबर को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

रोहिणी कलम के परिजनो और समाज के लोगों ने इस मामले में कोच और संघ के उपाध्यक्ष पर आत्महत्या के लिए उकसाने हेतु सबूत पुलिस को पेश किए थे, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। थाना बीएनपी पुलिस द्वारा मामले में रोहिणी के कोच विजेंद्र खरसोदिया और मध्य प्रदेश जि-जुत्सु संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा जा चुका है।

उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री के पद पर आसीन था। पुलिस की कार्रवाई और मामला सुर्खियों में आने के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रीतम सिंह सोलंकी को भारतीय जनता पार्टी ने निष्कासित कर दिया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने शनिवार को पत्र जारी कर प्रीतम को पार्टी से निष्कासित कर दिया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रीतम सिंह का नाम एक आपराधिक प्रकरण में संलिप्त पाया गया है। प्रकरण की गंभीरता और पार्टी की संगठनात्मक मर्यादा, आचरण संहिता तथा नैतिक दायित्वों के विपरीत आचरण को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, प्रीतम सिंह को भारतीय जनता पार्टी से तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है।

### फर्स्ट डिवीजन पास होने पर भौरासा थाना प्रभारी कटारे करेंगी बच्चों को सम्मानित



**भौरासा।** स्वामी विवेकानन्द कॉन्वेंट स्कूल, नराना में भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा बालक बालिकाओं के लिए सेमिनार आयोजित किया गया, जिसके चलते थाना प्रभारी ने विशेषकर बालिकाओं से वाहन में आने-जाने में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली और साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो टीचर्स या मुझे बेझिझक बताए जिसका समाधान तुरंत किया जाएगा। थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा बालक बालिकाओं को यह भी कहा कि यदि कोई परीक्षा में फैल होता हैं, तो वह निराश होकर कोई गलत कदम न उठाए और यदि कोई परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन पास होता है, तो हमारे द्वारा उस विद्यार्थी को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल प्राचार्य द्वारा एव समस्त स्टाफ की तरफ से भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे का आभार व्यक्त किया गया।

# कलाव्योम फाउंडेशन का कवि सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शुक्रवार को मल्हार स्मृति मंदिर में साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसी भी शहर की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं तथा समाज जागरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लोगों के बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने इंदौर के प्रसिद्ध स्वच्छता गीत हो हल्ला के लेखन के पीछे की प्रेरणाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार गीत और साहित्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के भीतर बसे उस सूक्ष्मतम भाव को स्वर देती है, जो अक्सर शब्दों में ढल नहीं पाता। कवि अपने शब्दों से केवल कविता ही नहीं रचते, बल्कि समय की दिशा और समाज की आत्मा को भी अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्ष अरुणा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवास में अनेक साहित्यिक आयोजन होते रहते हैं, परंतु यह पहला अवसर है जब शहर के प्रमुख प्रबुद्धजन एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहन देगा।

कार्यक्रम का संचालन वीर रस के राष्ट्रीय कवि राकेश दांगी ने अपने दमदार अंदाज में किया। कवयित्री प्रीति पांडेय ने हार कर भी जीत में जीवित रहेंगे, सांस बनकर प्रीत में जीवित रहेंगे पंक्तियाँ सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवि सम्मेलन में पद्मश्री से सम्मानित कालूराम बामनिया, समाजसेवी राधेश्याम सोनी, कई प्रशासनिक अधिकारी, कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल तथा शहर के अनेक साहित्यप्रेमी एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कलाव्योम फाउंडेशन की सचिव अपर्णा भोसले ने किया।

# ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत जिले में किया गया जागरूकता का कार्यक्रम आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

01 नवम्बर 2025 से संपूर्ण प्रदेश में "ऑपरेशन मुस्कान" विशेष अभियान 01 माह की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरावस्था में घर से भागने वाले बालक-बालिकाओं की पतासाजी कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द करना तथा समाज में इस समस्या के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है। अभियान अंतर्गत पुलिस द्वारा न केवल लापता बच्चों की खोज हेतु सक्रिय पतासाजी की जा रही है, बल्कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में घर से भागना समस्या का समाधान नहीं है।



उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, संवाद स्थापित करने तथा सहायता प्राप्त करने के सकारात्मक उपायों से अवगत कराया जा रहा है।इसी क्रम में "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत जिला देवास में सतवास क्षेत्रान्तर्गत शासकीय कन्या शाला में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कन्नौद एसडीओपी आदित्य तिवारी और सतवास थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक दबाव, पारिवारिक संवाद के महत्व एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से जीवन की कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने का आग्रह किया एवं उनके साथ होने वाले शारीरिक अपराध के संबंध में समझाइश दी गई एवं धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के बारे में समझाया गया। जिले की पुलिस व्यवस्था के प्रारूप के सम्बन्ध में भी बच्चियों को बताया गया।

## दर्दनाक हादसे के बीच मानवता की मिसाल, सीपीआर देकर हॉस्पिटल पहुंचाया

# दो भाइयों ने दिखाई बहादुरी, दो की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विकास नगर ब्रिज पर शुक्रवार देर रात हुए भीषण सडक़ हादसे में जहाँ अधिकांश लोग घटनास्थल से दूरी बनाए हुए थे, वहीं देवास के दो भाइयों अनुज प्रजापति और रोहित प्रजापति ने अद्वितीय साहस और मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद के लिए आगे कदम बढ़ाए। विकास नगर ब्रिज पर दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर पड़े थे। उसी दौरान वहाँ से गुजर रहे अनुज और रोहित प्रजापति ने स्थिति को समझते हुए तुरंत सहायता का जिम्मा संभाला। दोनों ने एक ऑटो की मदद लेकर घायलों को जिला चिकित्सालय पहुँचाने का निर्णय लिया।चलते ऑटो में रुकी साँसें, अनुज ने दिया 'जीवनदान' अस्पताल की ओर ले जाते समय एक घायल की साँसें अचानक थमने लगीं।

यह देखकर अनुज प्रजापति ने बिना समय गँवाए तुरंत सीपीआर देना शुरू कर दिया। उनकी तत्परता और सही तरीके से दिए गए सीपीआर के कारण घायल युवक की साँसें फिर से चल पड़ीं और उसकी जान बच गई।



### रोहित ने संभाला ट्रैफिक, बनाया रास्ता

इस बीच हादसे के कारण ब्रिज पर लंबा जाम लग गया था, जिससे घायलों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में रोहित प्रजापति ने मौके पर ट्रैफिक संभाला, लोगों को शांत किया और रास्ता सुचारू करवाया, जिससे घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सका। मानवता की नई मिसाल बने अनुज और रोहित दोनों भाइयों की यह तत्परता और साहसिक कदम मानवता की अनूठी मिसाल साबित हुए। जहां अनुज ने अपनी ट्रेनिंग व हिम्मत से घायल को नई जिंदगी दी, वहीं रोहित ने अपनी सूझबूझ से समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करवाई। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, एक की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि दूसरा अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# सासंद सोलंकी के नेतृत्व में देवास में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में देवास में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।

यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वयसेवी संगठनों, समाजसेवियों ने भाग लिया। सरदार पटेल जी की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन देवास में इनडोर स्टेडियम भोपाल चौराहा से सयाजी द्वार पर हुआ। यात्रा में घोड़े, बग्गी, बैंड, डीजे वाहन ढोल की थाप पर थिरकते हुए हाथों में तिरंगा लिए हुए जनप्रतिनिधि, नागरिकगण, छात्रा छात्राएं, खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में सरदार पटेल जी के जीवन से जुड़ी विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति प्रस्तुतियां हुई।

इसमें विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन, राजेश यादव, मनीष जैन, महेश चौहान, जयेश पडियार, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, तारा परगी, जावेद पठान, हेमंत देवड़ा, देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, मधु शर्मा, अतुल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में छात्र, खिलाड़ी, समाज सेवियों की सहभागीता रही। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च के दौरान नशा मुक्ति, राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी ली गई।

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना चौकाबाग निवासी कृष्णा पुत्र सरमन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर को रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी मोहल्ला रामनगर निवासी मनीष उर्फ कालू पुत्र रामचरण कुशवाहा, राकेश उर्फ टोन पुत्र अज्जू, सनी व महेन्द्र पुत्रगण तोरण एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी,जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर जब उसके परिजन मौके पर आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दक्षिण एक्सप्रेस से ट्रॉली सूटकेस चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के 376-बी, डी.डी.ए. फ्लैट, दिल्ली-96 ईस्ट निवासी मनीष नायर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 21 नवम्बर को ट्रेन नं. 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच संख्या- बी-1 की बर्थ संख्या 71 पर निजामुद्दीन स्टेशन से भोपाल तक की यात्रा कर रहा था। झांसी रेलवे स्टेशन से गाड़ी ललितपुर के लिए निकली थी। इसी बीच उसका नेवी ब्लू रंग का सफारी ब्राण्ड का ट्रॉली सूटकेश चोरी हो गया, जिसमें शादी की गिफ्ट और अन्य सामान रखा हुआ था। पीड़ित के अनुसार बर्थ के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने मनीष नायर की तहरीर पर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद में झगड़ पड़े भाई-भतीजे

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम झरावटा में रहने वाले मनोज पुत्र रामदीन बुनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर बीते शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे उसके भाई प्रमोद व राकेश पुत्रगण रामदीन व भतीजा प्रियांशु पुत्र राकेश एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### मनसापूर्ण हनुमान मंदिर में भंडारा 29 को होगा

**विदिशा।** पुराना कोर्ट परिसर स्थित मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर में पिछले 10 वर्षों से चल रहे सुदरकांड पाठ के समापन एवं 11वें वर्ष में के उपलक्ष्य में 29 नवंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में शहर की तमाम मानस मंडलियों सहित साधु-संतों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में प्रमुख रूप से घटेरा गुरुगादी के महामंडलेश्वर श्रीश्री रामदास महाराज, रंगई धाम के महंत श्री विश्वंभरदास रामायणी महाराज, कमापार मंदिर के महंत नूरपुर के महंत सहित खामबाबा मंदिर के महंत शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण दंडोतिया ने बताया कि यह आयोजन 29 नवंबर को सुबह 11.30 बजे प्रारंभ होगा।

### एक प्रकरण में नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने अज्ञात फरार आरोपी के प्रकरण में सूचना देने वालों को 10 हजार रुपए की नकद राशि देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। आदेश में उल्लेख है कि सिविल लाइन थाना विदिशा में दर्ज अपराध के अज्ञात फरार आरोपी की सूचना देने वाले को दस हजार की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

## जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने व नई इकाईयों के संचालन पर दिया जोर

# उद्यमियों को अपनी इकाइयां संचालित करने में न हो कोई परेशानी : डीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने व उद्यमियों की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करने के लिए शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी उद्यमियों एवं उनसे जुड़े सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्यमियों की एक-एक कर समस्याओं को जाना और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान वरिष्ठ उद्यमी कमलेश सर्राफ ने बताया कि ललितपुर में 13 करोड़ से अधिक की यूनिट स्थापित की जा रही है, जिसकी एनओसी अन्य सभी जगहों से प्राप्त होने के उपरान्त अग्निशमन विभाग की एनओसी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी को सीधे फोन कर निर्देशित किया कि एक सप्ताह में एनओसी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से मेटल मैक्स इन्डस्ट्री के स्वामी सोमेल जैन एवं पायनियर स्टोन क्रेसर के पार्टनर ने अवगत कराया कि उनकी इकाई संचालन हेतु विद्युत की निर्बाध आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है, इसको गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि वह मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुचारु निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम विश्वकर्मा योजना में ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के लिये डीपीआरओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। पीएमईजीपी योजना की भौतिक सत्यापन की समीक्षा करते हुए जनपद के बैंक शाखा प्रबन्धको को निर्देशित किया गया कि वह निर्धारित प्रपत्र डाक विभाग को उपलब्ध करायें।

### 15 दिवस के अंदर समस्या का समाधान कराएं

जिलाधिकारी द्वारा नये मिनी औद्योगिक आस्थान, तालबेहट के विद्युतीकरण हेतु विद्युत विभाग द्वारा दिये गये आगणन की धनराशि स्थापित इकाईयों के द्वारा अदा करने पर विद्युतीकरण किया जा सकता है तथा रू० 5 करोड़ से कम के आगणन पर यू.पी.एस.आई.सी. कानपुर के प्रतिनिधि उपस्थित न होने पर निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में बस्तु स्थिति से अवगत कराया जाये। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत, को निर्देशित किया गया की यह स्थलीय निरीक्षण करते हुए 15 दिवस के अन्दर समस्या का समाधान करायें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, ललितपुर को पार्कों के सौन्दर्यीकरण हेतु स्टीमेट को बोर्ड की बैठक में पारित करायें। मिनी औद्योगिक आस्थान बीघाखेत के बाठडीवाउल निर्माण बाऊण्ड्री बाल का कार्य समयावधि में पूरा कराया जायें।जनपद में ओ.डी.ओ.पी. योजनान्तर्गत चयनित उत्पाद जरी सिल्क साडी एवं खाद्य प्रसंस्करण में सी.एफ.सी. बनाये जाने से अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### *उद्यमियों की समस्याओं के विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिए*

*बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों से अपेक्षा की कि वह भूगर्भ विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु विधिवत रुप से ऑनलाइन आवेदन करें जिसमें भूगर्भ विभाग के द्वारा सहयोग किया जायेगा। उद्यमियों कि समस्याओं को गहनता पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि जनपद में उद्यमियों को अपनी इकाईयां संचालित करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, जनपद में हर संभव उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन तैयार रहेगा, जनपद में उद्योग इकाईयों का विकास होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया होने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे जनपद में आर्थिक समृद्धि और खुशहाली आयेगी। इसलिए उद्यमियों की समस्याएं प्राथमिकता पर निस्तारित की जाएं। जिलाधिकारी की इस पहल पर वरिष्ठ उद्यमी कमलेश सर्राफ ने उनकी दूरदृष्टि व उद्यमियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, व्यापारियों में कमलेश सर्राफ, राजवीर सिंह, सेवाराम चौधरी, रजनीश चड्ढा, मुकेश जैन एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया।*

## ससुरालियों पर एफआईआर

# दहेज में 5 लाख की मांग पूरी न होने पर महिला को निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गांधीनगर नई बस्ती में रहने वाली स्नेहा पुत्री बृजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 9 दिसम्बर 2020 को मध्य प्रदेश के भोपाल अंतर्गत प्लाट नं. 75, नीलसागर फेज 2 नीलबड़ थाना रतिबड़ निवासी सुशील पुत्र अनिल श्रीवास्तव के साथ सागर के मकरोनिया स्थित गीतांजलि मैरिज हॉल से हुयी थी।

शादी में उसके पिता ने दान दहेज के अलावा पांच लाख रुपये खर्च किये थे। आरोप है कि शादी के बाद उसके घर में पति सुशील, ससुर अनिल श्रीवास्तव, सास रेखा, जेठ सिद्धार्थ के साथ रही और विवाद के बाद से ही उक्त लोगों ने अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया। शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करते हुये ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपयों की मांग रखी। इसकी सूचना जब उसने अपने पिता को दी तो पिता ने असमर्थता व्यक्त की। आरोप है कि ससुरालियों द्वारा हिंसक घटनाएं की गयीं। कुछ समय पश्चात वह गर्भवती हुयी तो उसे और परेशान कर कहा गया कि अतिरिक्त दहेज न लाने पर उसका गर्भपात करा देंगे। अक्टूबर 2021 में जब वह 7 माह गर्भ से थी, तब ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि जब उसने अपने पिता से कहा तो ससुरालियों ने उसे पेट्रोल डालकर मार डालने की धमकी दी गयी। तब से वह अपने मायके में निवासरत है। 19 दिसम्बर 2021 में महिला अस्पताल में उसने पुत्री को जन्म दिया। जिसकी सूचना पिता ने जब ससुरालियों को दी तो वह भड़क गये। बताया कि ससुराली 16 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे उसके घर गांधीनगर आये और उसे पुत्री के साथ ले गये। आरोप है कि बिना दहेज के ससुरालियों ने उसे रखने से मना करते हुये गालियां दीं और मारपीट की। मौके पर मौजूद बृजेश श्रीवास्तव, मोहिनी श्रीवास्तव, वन्दना श्रीवास्तव व संजय श्रीवास्तव के अलावा मोहल्लेवासियों ने उसे बचाया। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### राजीनामा करने को धमकाया, लगाई फांसी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी रामकली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 सितम्बर 2025 को अखिलेश नामदेव उसके घर आया और सुबह 7.30 बजे अपने पिता के साथ काम पर ले गया। सुबह करीब 11 बजे उसे फोन आया कि उसका पति भैयालाल जिला अस्पताल में भर्ती है। जब वह अस्पताल पहुंची तो वहां से उसके पति को झांसी रेफर किया गया, जहां उपचार न हो पाने के कारण उसके पति की मौत हो गयी। आरोप है कि अखिलेश नामदेव व ठेकेदार रामपाल ने एक विलिंग स्टाम्प व बिलिंग पेपर पर हस्ताक्षर कराये गये, जिसकी उसे जानकारी नहीं थी। 21 नवम्बर को अखिलेश नामदेव के बुलाने पर वह कोतवाली गये, जहां अखिलेश व रामपाल ने राजीनामा की बात कही, लेकिन सहमति न होने के कारण वह घर वापस आ रही थी। आरोप है कि उसके पुत्र को उक्त लोगों ने रास्ते में रोकते हुये राजीनामा का दबाव बनाया। दहशत में आकर बच्चे मोहित ने घर आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज किया

# छायन गांव के दो परिवारों में जमकर मारपीट, फोन तोड़ा-एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम छायन में रहने वाले मुकेश पुत्र वंशी ने पुलिस उपाधीक्षक महरौनी को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे उसके मकान के सामने गांव का किरपू पुत्र सन्टोले अपने पिता के साथ मारपीट कर रहा था।

जब उसने बीच-बचाव किया तो सन्टोले पुत्र पर्वतलाल, कपिल, किरपू पुत्रगण सन्टोले ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी उसकी मां रामबाई के साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। इस पूरे घटनाक्रम को उसके भतीजे राज ने मोबाइल में रिकॉर्ड भी कर लिया। उसकी हालत बिगडऩे पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में उसका 13 से 15 नवम्बर तक उपचार चला। इसके बाद जब वह शिकायत दर्ज कराने थाने गया तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी और उक्त लोगों ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमनाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपनी पत्नी शीलादेवी से बात कर रहा था, तभी मुकेश ने उसे गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। बचाने आयी पत्नी को भी पीटा। डायल 112 पर फोन करने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मुकेश ने उसके फोन में पत्थर दे मारा, जिससे वह भी टूट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दस नगरों से 2500 मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का उद्देश्य

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया मेधा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के दसों नगरों से लगभग 2500 मेधावी छात्रों को सम्मानित करना और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना था। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षकों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर निरंतर आगे बढऩे की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए। आधुनिक तकनीक का उपयोग समझदारी से करें और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहें।अनुशासन, सत्यनिष्ठा और मेहनत ही जीवन में सफलता की कुंजी है। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री अभाविप मनीष राय ने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्रों को




शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लें, तो भविष्य में कोई भी चुनौती उन्हें रोक नहीं सकती। नगर अध्यक्ष डा.रोहित वर्मा और नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों ने अभाविप द्वारा शिक्षा और छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और मेधावी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक अभय पाठक ने तैयार की, उन्होंने परिषद की विद्यार्थी-हितैषी गतिविधियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में परिषद गीत बहन अमीषा सोनी ने तथा संचालन कुलदीप द्विवेदी एवं धनंजय दुबे ने सामूहिक रूप से किया।

## वीरांगना की जयंती पर आयोजित की गई परिचर्चा को

# वेदना और क्षोभ का समुद्र फूट पड़ा था, झलकारी की वाणी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई की महिला शाखा की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई ने जब झाँसी के पतन का दुखद समाचार सुना तो वह गहरे विषाद में डूब गई । ऐसे विषम प्रसंग के संबंध में इतिहास के कंकाल में मांस और रक्त का संचार करके उसे उपन्यास सम्राट वृन्दावनलाल वर्मा ने इतना सजीव बना दिया कि ,झाँसी के पतन पर कलम चलाते हुए वर्मा का गला इतना भर उठा कि वे रानी झाँसी के बारे में कहते हैं कि महल की चौखट पर बैठकर वह रोई । वह,जिसकी आँखों का आंसुओं से कभी परिचय भी न था। वह जिसका वक्षस्थल बज्र और हाथ फौलाद के थे , वह जो भारतीय नारीत्व का गौरव और शान थी। मानो उस दिन हिन्दुओं की दुर्गा रोई । ऐसी ही संकट की घड़ी में छाया की तरह रानी का साथ देने वाली बुन्देली -आन-बान और शान की सदा हँस-मुख जीवन्त-ठसकीली प्रतिमा थी -झलकारी बाई ।

वर्मा कहते हैं, झलकारी बाई का सब ठाट-बाट सोलह आना बुंदेलखंडी-पैर की पैजनी से लेकर सिर की दाउनी(दामिनी) तक सबके सब आभूषण स्थानिक। इतनी निर्भीक और साहसी थी कि सर्वोच्च अंग्रेज सैन्य अधिकारी एलिस के कुदृष्टि डालने पर अपनी सहेली से आग -बबूला होकर , वह कह उठती है - जो नठया मोई ,और देखत तौ ? ई कैं का मताई बैनें न




हुइयें....... मोरे मन में तो आउत कै पनइयाँ उतार कैं मूछन के बरे के मों पै चटाचट दे -ओं युद्ध के समय झलकारी उन्नाव गेट पर अपने पति के साथ ही तोपों से गोले दागती है।जब उसे पता चलता है कि रानी भाण्डेरी फाटक से सुरक्षित कालपी निकल गयीं , तो वह लड़ते हुए अंग्रेजों को अटकाये रहती है , क्योंकि कद -काठी और चेहरे -मोहरे से अंग्रेज झाँसे में आकर ,उसे ही झाँसी की रानी समझ बैठते हैं। इस तरह के सच्चे वृत्तान्त वर्मा जी ने ,झाँसी के उन बूढ़े ,स्त्री-पुरुषों से सुने ,जिन्होंने रानी और झलकारी को स्वयं देखा था । 'आँखों देखा गदर' के मराठा लेखक पं विष्णु भट्ट शास्त्री ने लिखा है कि सबसे भीषण संघर्ष झांसी के खुशीपुरा , जहाँ झलकारीबाई का निवास था तथा कोरी समाज की बहुलता थी , वहीं पर हुआ । क्योंकि जिन वस्त्र निर्माताओं की रोटी-रोजी अँग्रेजों ने छीन ली थी , वहाँ के स्त्री-पुरुषों ने घर से बाहर निकल कर जोरदार गोरिल्ला युद्ध छेड़ दिया था , की कीइसीलिए 1857 के इस जनविप्लव को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है ।

## पुलिस अधीक्षक को भेजा शिकायती पत्र

# पेट्रोल पंप के बगल से लगी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जमीन पर सह खातेदारों द्वारा जबरन किये जा रहे अवैध कब्जे व निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग को लेकर तहसील तालबेहट के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम नगवांस निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र लखन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि वह अपने सह खातेदारों के साथ जमीन पर काबिज दखील दर्ज कागजात माल है। बताया कि सह खातेदारों ने आपसी तौर पर अपना-अपना बंटवारा कर रखा है, जिस पर काबिज हैं। आरोप है कि उसकी आराजी संख्या 422 मि. रकबा 0.4050 जो कि नगवांस में है, जो कि उसे आपसी बंटवारे में मिली है। इस जमीन पर वह निर्माण के लिए अपना मटेरियल डाले हुये है। बीती 18 नवम्बर को सुबह 10 बजे जब वह अपनी जमीन पर था, तभी पुनियाखेरा व नगवांस निवासी कुछ लोगों ने झांसी के मऊरानीपुर के पलरा, जखौरा के ग्राम चितरा निवासी कुछ लोगों के साथ आये और उसकी जमीन पर निर्माण कार्य करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये।

भागते हुये वह तत्काल एसडीएम तालबेहट के समक्ष पहुंच कर शिकायती पत्र दिया, जिस पर हल्का लेखपाल ने मौके पर आकर काम को रूकवा दिया, लेकिन उक्त लोग धका रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन पेट्रोल पम्प से लगी होने के कारण बेशकीमती है, इसलिए उक्त लोग जमीनों पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# शिशु सुरक्षा सप्ताह के समापन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**विदिशा।** राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के समापन पर इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रसूति वार्ड में भर्ती माताओं और परिजनों के लिए शिशु सुरक्षा विषयक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।



प्रतियोगिता में नवजात की आवश्यक देखभाल पर जानकारी दी गई, जिसमें 2.5 किलो से अधिक वजन, जन्म के तुरंत बाद रोना, गुलाबी रंग, जन्म के आधे घंटे के भीतर स्तनपान तथा छह माह तक सिर्फ मां का दूध दिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल, आईएपी अध्यक्ष डॉ. एमके जैन एवं अन्य विशेषज्ञों ने किया। सही उत्तर देने वाली माताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए।

## 33 साल के युवक ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या, मजदूरी करके पालता था परिवार

**विदिशा।** मोहनगिरी इलाके में एक 33 वर्षीय संदीप अहिरवार ने शुक्रवार शाम को घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप मजदूरी का काम करता था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। वह अपने चार भाइयों में से एक था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संदीप का शव उसने घर की छत पर जाने वाली सीढ़ी की डाबलिया पर लटका मिला है। पुलिस टीम ने ही उसे उतारकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती में 31 चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें 52 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 31 बेरोजगार युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर किया गया।

भर्ती अधिकारी वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत (बेसरा) ने बताया कि ग्रामीण और शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा यह भर्ती आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि चयन के लिए




निर्धारित योग्यता सुरक्षा गार्ड के लिए 10वीं पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, लंबाई 167.5 सेमी और शारीरिक रूप से फिट होना आवश्यक है। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आयु सीमा 21 से 37 वर्ष लंबाई 170 सेमी तथा शारीरिक रूप से फिट होना जरुरी है। कर्णावत ने बताया कि चयनित युवाओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी दोनों ही विभाग जिम्मेदारियों से झाड़ रहे पल्ला

# पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाई जर्जर इमारतें अब कचराघर बने रिक्त पड़े भूखंड

## खाली पड़े प्लॉटों पर पार्किंग, शौचालय सहित हो सकते हैं अन्य विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में आधा दर्जन से अधिक रियासतकालीन भवनों के जर्जर होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें तुड़वाने की कार्यवाही की गई थी। लेकिन, इन शासकीय भवनों, इमारतों को तुड़वाने के उपरान्त पीडब्ल्यूडी ने उन्हें भगवान भरोसे ही छोड़ दिया है। ऐसे में रिक्त पड़े इन सरकारी भूखंडों का उपयोग आसपास के रहवासियों द्वारा कचराघरों की तरह किया जा रहा है।

जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी से बात की जाती है तो वे कहते हैं कि ये हमारे स्वामित्व के नहीं हैं और न ही हमारे पास हैंडओवर करने की पावर है। उधर, नपा के जिम्मेदार इन्हें पीडब्ल्यूडी की संपत्ति बता रहे हैं। मसला जो भी लेकिन इन रिक्त भूखंडों के आसपास के रहवासी कचरा, मकानों का अनुपयोगी मटेरियल सहित ऐसे ही दूसरे अन्य सामानों को फेंक रहे हैं। इन रिक्त भूखंडों पर बाउंड्रीवॉल ही करवा दी जाए या अन्य कोई विकास करवा दिया जाए, ऐसी कोई प्लानिंग फिलहाल तक नहीं हो पाई है।

### मलबा भी नहीं हटाया, अब प्लॉटों पर टीले जैसा स्वरूप

नगर के मेन मार्केट में पारायण चौक के ठीक सामने पुरानी तहसील के जर्जर भवन को ढाई वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग ने तुड़वाया था। भवन तुड़वाने के बाद काफी मलबा, मटेरियल यहां निकला था। वह मलबा आदि आज भी आज भी वहीं पर पड़ा हुआ है। अब इस रिक्त भूखंड को आसपास के रहवासी कचराघर की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां मवेषी घूमते रहते हैं वहीं अब काफी मात्रा में फेंका गया कचरा, मलबा भी बहुत ज्यादा इकट्ठा होकर उसने बड़े टीले जैसा रूप ले लिया है।

### जय स्तंभ चौक के समीप भी यही स्थिति

इसी तरह करीब छह माह पहले लोक निर्माण ने स्थानीय जय स्तंभ के ठीक सामने स्थित शासकीय इमारत को तुड़वाया था। पीडब्ल्यूडी ने जिस भी एजेंसी को भवन तोड़ने की जिम्मेदारी दी थी, उसके द्वारा अभी तक इमारत के मलबे तक को यहां से नहीं हटवाया गया है। इसी तरह बैंक ऑफ इंडिया के पास खाली पड़े रिक्त भूखंड का भी यही स्थिति है।

### अन्य स्थानों के खाली प्लॉटों के भी यही हाल

*पुरा क्षेत्र में मेमोरियल गेट के पास की शासकीय इमारत को भी कुछ अर्से पहले पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाया था। यह भूखंड भी वर्तमान में खाली ही पड़ा हुआ है। इसी तरह मेन मार्केट में शिवजी की छतरी के पास के दो शासकीय भवनों को भी पीडब्ल्यूडी ने करीब ढाई साल पहले तुड़वाया था, यहां भी विकास कार्य करवाए जा सकते हैं।*

### इनका कहना है...

*हमारा कार्य जर्जर भवनों को तुड़वाना था ताकि कोई जनहानि न हो। ये भवन पीडब्ल्यूडी के स्वामित्व के नहीं हैं। हमने सिर्फ एजेंसी नियुक्त करके इन्हें डिसमेंटल करवाया है।*

*दीपक कुमार,*
*कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी*

### इनका कहना है...

*रिक्त शासकीय भूखंडों को लोक निर्माण विभाग ने हमें हैंडओवर नहीं किया है। हैंडओवर होने पर ही हम इन खाली प्लॉटों पर पार्किंग, शुलभ शौचालय या अन्य कोई निर्माण करवा पाएंगे।*

*पवन अवस्थी*
*सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़*

4 घंटे चले आंदोलन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया एक्शन

# छात्र को परीक्षा से वंचित रखने पर सांदीपनि प्राचार्य को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शासकीय सांदीपनि विद्यालय ब्यावरा में कक्षा 11 वीं के छात्र रवि नागर को परीक्षा से वंचित रखा गया। जिसके बाद जब अभाविप कार्यकर्ता प्राचार्य से मिलने पहुंचे तो कार्यकर्ताओं से प्राचार्य ने अभद्रता की। जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 10 नवंबर को ज्ञापन दिया गया था जिसमें मांग की गई थी 3 दिवस में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य पर निलंबन की कार्यवाही की जाए किंतु 10 दिन होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने के बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने लगातार 2 घंटे उग्र आंदोलन किया और नारेबाजी की लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी बात करने नही पहुंचे। जिसके बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को जारी रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने को बात रखी।

4 घंटे आंदोलन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे जिसके बाद सीएम राइज प्रिंसिपल सज्जनसिंह यादव को विभागीय जांच रिपोर्ट आने तक प्राचार्य पद से हटाकर डीईओ कार्यालय अटैच किया तथा विद्यालय में पदस्थ आतिश कुमार अग्रवाल को आगामी आदेश तक प्राचार्य का प्रभार दिया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने डीईओ से कहा जांच रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य नगर में तेजी से चल रहा



**छापीहेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। जिसमें पटवारी नगर परिषद कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाताओं के फॉर्म भर रहे हैं। ऐसे मतदाता जो 2003 एवं 2025 में नगर छापीहेड़ा में थे उनके फार्म भरे जा रहे हैं एवं जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था उनके साथ में उनके पिता माता दादा या दादी के संबंध जोड़कर फॉर्म भरे जा रहे हैं तथा बाहर से आने वाली बहू को उनके 2003 में निवास रत माता पिता दादा दादी की जानकारी मंगवा कर उनके भी फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा पटवारी मनोहर गौड़ नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर जमील खा एवं नगर के बीएलओ दिनेश मालवीय द्वारा कार्य किया जा रहा है।

नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# खोयरी महादेव धाम पर आर्च ब्रिज निर्माण का टेंडर निरस्त




**राजगढ़।** नगर पालिका परिषद राजगढ़ की साधारण सभा का विशेष सम्मेलन गुरुवार को नपा के सभागार में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू सहित पार्षदगणों की उपस्तिथि में हुए सम्मेलन में निर्माण कार्य, खरीदी सहित अन्य कार्यों से जुड़े हुए कुल सात प्रस्ताव रखे गए जिन पर गंभीरता के साथ विचार.विमर्श करते हुए सर्व सम्मति से पारित कर दिए गए।

प्रथम प्रस्ताव में शामिल खोयरी महादेव मंदिर क्षेत्र में आर्च ब्रिज निर्माण के संबंध में ठेकेदार द्वारा अनुबंध शर्तें पूर्ण न करने के चलते टेंडर निरस्त कर दिया गया। बैठक में आगजनी से निपटने एक नए फायर बिग्रेड वाहन को खरीदने, दशहरा मैदान के समीप ही फायर स्टेशन निर्माण, ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए आवश्यक निर्माण कार्यों पर स्वीकृत प्रदान की गई। इनके साथ ही वार्ड 8 में मनोज मेवाडे के घर के पीछे की समस्त गलियों में सीसी रोड एवं नालियां निर्माण के लिए प्राप्त दरों को स्वीकृत किया गया।

### गीता भवन निर्माण के लिए दो स्थानों पर विचार

राजगढ़ नगर में गीता भवन का भी निर्माण किया जाना है जिसकी स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। उक्त भवन कहां बनाया जाएए उसके स्थानों के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। यह भवन या तो विनय हॉस्टल वाले खाली पड़े भूखंड या खरला नाला के ठीक पास पुरानी दूध डेयरी वाले स्थान पर बनाया जाएगा जिसकी आगे की प्रक्रिया समिति बनाकर पूर्ण की जाएगी। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर भी बैठक में चर्चा हुई।

अभी भी कई शिक्षकों के आदेश जारी होना है शेष

# जिले के 128 प्राथमिक शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति आदेश जारी




**राजगढ़।** शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न शासकीय संगठनों द्वारा समय-समय पर शिक्षकों की क्रमोन्नति/संबंधी मांगे की जाती रही हैं। इसी कड़ी में जिला शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक के पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक से 24 वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके जिले के 128 लोकसेवकों की द्वितीय क्रमोन्नति संबंधी आदेश जारी किए हैं। क्रमोन्नति उपरान्त उक्त सभी शिक्षकों के वेतन में भी इजाफा होगा, वहीं जिस दिनांक को उनकी 24 वर्ष की सेवाअवधि पूर्ण हुई है, उसका एरियर भी संबंधित शिक्षकों को मिलेगा। हालांकि, अभी और भी कई ऐसे प्राथमिक शिक्षक बचे हैं जिनके आदेश जारी होना बाकी है। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि जिला शिक्षा विभाग को उक्त प्रक्रिया तीव्रता से करनी चाहिए ताकि सभी पात्र शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी हो सकें।

**प्रथम श्रैणी एवं मावि शिक्षकों के भोपाल से होने हैं आदेश:** 12 एवं 24 साल की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके प्राथमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति संबंधी आदेश जहां जारी किए जा रहे हैं वहीं प्रथम श्रैणी एवं माध्यमिक शिक्षकों के आदेश राजधानी भोपाल स्तर से जारी होने हैं। जिला स्तर से पात्र शिक्षकों के प्रस्ताव उच्च कार्यालयों को भिजवाए जाते हैं और वहीं से क्रमोन्नति स्वीकृति संबंधी आदेश जारी होता है।

# शिशु मंदिर में दिशाबोध शिविर का आयोजन



**सारंगपुर।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए 3 दिवसीय दिशाबोध शिविर का आयोजन दिनांक 19 से 21 नवंबर तक किया गया। इस शिविर में प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला द्वारा छात्र छात्राओं को पुण्य भूमि भारत विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। डॉ भल्ला ने कहा के भारत वह पुण्य भूमि है जहां देवताओं ने अवतार लिए।यह देश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के कारण षुण्य भूमिष कहलाता है। यह पवित्र नदियों, तीर्थस्थलों और ऐतिहासिक स्थानों से भरा हुआ है जो इसे आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस शिविर के दौरान सभी छात्र छात्राओं ने वाटर बॉक्स का भ्रमण किया तथा वहां पर जाकर शहर में जल प्रदाय की व्यवस्था को समझा। द्वितीय दिवस सभी छात्र छात्राओं ने सारंगपुर थाने का भ्रमण किया जहां पर पुलिस अधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली से सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात सभी को अल्पाहार कराया गया। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन शिविर प्रभारी कमलसिंह राजपूत एवं छाया शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# अधेड़ व्यक्ति फांसी पर लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

**सारंगपुर।** क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कंकरिया निवासी महेंद्र उर्फ राणा का शव उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता हुआ पाया गया। घटना के समय मृतक की पत्नी और बेटा हाईवे पर स्थित अपने होटल पर थे। सुबह घर लौटने पर जब उन्होंने देखा तो महेंद्र फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल इस गंभीर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया। प्रारंभिक जांच में फांसी के कारणों का स्पष्ट रूप से खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहां चिकित्सकों द्वारा पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल महेंद्र की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएँ चल रही हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी।

# सीसीबी ने 72वें अभा सहकारी सप्ताह का किया आयोजन




**राजगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ द्वारा आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन गत दिवस राजगढ़ शाखा परिसर में आयोजि किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता की भूमिका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास तथा किसानों के हितों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहकारी संस्थाओं की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता पीएस बारोटिया, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीके चौहान, शाखा प्रबंधक अमर सिंह यादव, शाखा पर्यवेक्षक मोहन शर्मा एवं सुरेश वर्मा, कृषक सदस्य तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सहकारी सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर के नवीन हाट बाजार परिसर खिलचीपुर नाका के पास में नगर में शोभायात्रा निकालकर किया गया। पं. सुरेश बिहारी नागर के निवास से शोभायात्रा बुधवारिया बाजार, इंदर चौराहा से होते हुए कथा प्रांगण पहुंची। जहां पर व्यास पीठ से ज्योतिषाचार्य पंडित सुरेश बिहारी नागर ने भागवत कथा का महत्व प्रतिपादित करते हुए कहा की भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को अनेकों कष्ट परेशानी से छुटकारा मिलता है।

उन्होंने बताया कि कृष्ण कथा को किसने लिखा और क्यों लिखा गया जिस पर कहा कि व्यासजी ने नारद मुनि से कहा कि मेने वेद व्यास लिखें परन्तु मन को शांति नहीं , तो नारद ने पूछा आपने यह वेद किनके लिए लिखे क्या विद्वान संत महात्मा के लिए लिखें। इस पर नारदजी ने कहा कि आप कृष्ण कथा (भागवत) लिखिए जिसको मनुष्य ग्रहण कर पुण्य पायेगा। गृहस्थ जीवन पर बताया कि पति पत्नी किसे कहते हैं दोनों की बात आपस में मिलकर हो वही पति-पत्नी है, लेकिन गृहस्थी में तीसरा व्यक्ति फेर करता है तो गृहस्थ जीवन सुखमय नहीं होता है। शरीर रूपी मशीन गरम हो जाती है तो शब्दावली उच्चारण तेज हो जाता है। गृहस्थ जीवन में अक्सर ऐसा होता है। इसलिए हमें क्रोधित नहीं होना है क्योंकि जैसा सोचते वेसे ही होगा। उन्होंने तीन बातें जीवन में ऐसी है जो कभी वापस नहीं आती है, जैसे तीर कमान से निकलने पर, बात जुबान से निकलने पर ओर शरीर से प्राण निकलने पर कभी वापस नहीं होते हैं।

# बाल विवाह को रोकने के लिए गांव-गांव में लग रही चौपाल, दिलाई जा रही शपथ



**छापीहेड़ा।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना खिलचीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालयों में बाल विवाह प्रतिषेध के तहत एक भी बाल विवाह न हो सके इसके लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा जिसमें बाल विवाह के रोक थाम हेतु जागरूकता रैली निकालने के साथ ही नारे लेखन पोस्टर का कार्य किया गया तथा शपथ भी ली गई। जिसके माध्यम से ग्रामीण जनों को बताया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करना चाहिये। शुक्रवार को खिलचीपुर के ग्राम पंचायत जैतपुरा कला एवं पीपल्या कला में बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान था। जिसके नोडल अधिकारी सीमा सोलंकी सहायक महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र एवं चुन्नीलाल दांगी व शिक्षा अधिकारी जिला से प्रभारी नोडल अधिकारी एवं वन स्टाप सेंटर प्रशासक रश्मि चौहान परियोजना अधिकारी प्रतिभा साहु सुपरवाइजर अन्नु भिलाला आंहिसा वेल फेयर सोसायटी से अंकिता मैवाडे एवं जमना लाल बैरागी पीपल्या कला के सरपंच जगदीश दांगी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं ग्रामीण महिला पुरुष किशोरी बालिकाएं बालक उपस्थित रहे।

## रमेशचंद्र गुप्ता का निधन



**जीरापुर।** मेडतवाल समाज के सदस्य रमेशचंद्र गुप्ता गागोरनी वाले का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह संजय गुप्ता लैब वाले के पिताजी थे। डॉ. मनोहर गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, रामबाबू गुप्ता के भाई थे। गुरुवार को उनकी शवयात्रा उनके गृह निवास बृजवासी मोहल्ला से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई, जहां पर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक-संवेदना प्रकट की गई। वह साधारण व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी शवयात्रा में समाज सहित अन्य समाज बंधु मिलने जुलने वाले बड़ी संख्या में शामिल हुए।

संस्कार एकेडमी द्वारा राजस्थान का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

# विद्यार्थियों ने देखा इतिहास, संस्कृति विरासत व विज्ञान का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



पचोर नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित राजस्थान का बहुदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस भ्रमण में कक्षा 7 से 12 तक के 52 विद्यार्थियों एवं टीचिंग स्टाफ सहित 66 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण दल के साथ विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, मानिल गोयल, अनुभवी शिक्षक अनिल द्विवेदी, मानसी सिंह, गौरव निगम एवं राधेश्याम नागर साथ रहे। भ्रमण का प्रथम पड़ाव रहा राजस्थान की राजधानी जयपुर, जिसे गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता है। जहां विद्यार्थियों ने आमेर किला में राजपूताना स्थापत्य कला,सिटी पैलेस में शाही संस्कृति का मनोहारी अवलोकन किया। जयपुर की स्थानीय बाजारों में विद्यार्थियों ने कलादूशिल्प और पारम्परिक वस्त्रों का भी अध्ययन किया। भ्रमण का सबसे रोमांचक चरण रहा स्वर्ण नगरी जैसलमेर। यहां विद्यार्थियों ने जैसलमेर किला, पटवों की हवेली, जैसलमेर युद्ध संग्राहलय जैसे ऐतिहासिक स्थलों का गहन अध्ययन किया। संध्या समय सम सैंड ड्यून्स में ऊंट सफारी, जीप सफारी, पेराराईडिंग तथा डेजर्ट कैम्प में आयोजित राजस्थानी सांस्कृतिक नाइट ने बच्चों को लोकनृत्य, कालबेलिया, घूमर, और पारम्परिक वादन कला से अवगत कराया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत यादगार रहा। साथ ही विद्यार्थियों ने श्रद्धा और संस्कृति का पावन स्पर्श करते हुए जैसलमेर से लौटते समय रामदेवरा में बाबा रामदेव के पावन मंदिर में दर्शन किए, वहीं जोधपुर पहुंचकर मंडोर गार्डन में जोधपुर के इतिहास को जाना। विद्यार्थियों ने यहां की ऐतिहासिक मान्यताओं, सामाजिक सद्भाव और लोक आस्था की परंपरा के बारे में विस्तार से जाना। यह स्थल भ्रमण का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने वाला चरण रहा।